# पीएच डी कार्यक्रम

**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् - सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान, चंडीगढ़**
**सीएसआईआर-इमटैक, सैक्टर 39 ए, चंडीगढ़-160036**

## वर्ष 2023 (अगस्त सत्र) के लिए विज्ञापन

सीएसआईआर-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-इमटैक) द्वारा सीएसआईआर-इमटैक में सीएसआईआर-इमटैक एवं एकेडमी ऑफ सांइटिफिक एण्ड इन्नोवेटिव रीसर्च (एसीएसआईआर), नई दिल्ली के तत्वावधान में चलाए जा रहे पीएचडी कार्यक्रम के लिए असाधारण रूप से प्रेरित उम्मीदवरों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

सीएसआईआर-इमटैक एक बहुविषयी संस्थान है जिसमें अत्यधुनिक शोध सुविधाएं उपलब्ध हैं और इसके संकाय सदस्यों की आधुनिक सूक्ष्मजीव विज्ञान के निम्नलिखित अग्रणी क्षेत्रों में शोध रूचियाँ हैं (विभिन्न शोध क्षेत्रों एवं संकाय प्रोफाइल संबंधी सूचना के लिए कृपया हमारी वैबससाइट http://www.imtech.res.in देखें।

मॉलिक्यूलर मायक्रोबायोलोजी, मायक्रोबियल जेनेटिक्स एण्ड एपिजेनेटिक्स, मायक्रोबियल जीनोमिक्स, होस्ट मायक्रोब इन्टरेक्शन, पेथोजन बायोलोजी, सेल्यूलर ट्रेफिकिंग, मायक्रोबियल सेल बायोलोजी, स्ट्रक्चरल बायोलोजी, ड्रग डिज़ाइनिंग एण्ड डिवलपमैंट, इंडस्ट्रियल एण्ड एन्वायरन्मेंटल मायक्रोबायोलोजी, जेनेटिक इंजीनियरिंग, मायक्रोबियल डायवर्सिटी एण्ड इकॉलोजी, बायोइन्फर्मेटिक्स एण्ड बिग डेटा एनालिटिक्स, बायोकेमिकल इंजीनियरिंग एण्ड मेडिसिनिल केमिस्ट्री

**पात्रता:**

1. विज्ञान अथवा प्रौद्योगिकी की किस भी शाखा में न्यूनतम 55 % अंकों अथवा समकक्ष सीजीपीए के साथ स्नातक डिग्री (एमएस सी/एम टेक/ एम फार्म) प्राप्त उम्मीदवार <u>अथवा</u> बी टेक/ बी ई (सूचना प्रौद्योगिकी/कम्प्यूटर विज्ञान/जीव विज्ञानों अथवा जीव विज्ञान में विशेष रूचि के साथ अन्य शाखाओं में) <u>अथवा</u> न्यूनतम 55 % अंकों (अथवा समकक्ष सीजीपीए) के साथ बी फार्म अथवा एमबीबीएस उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। एससी/एसटी/दिव्यांग उम्मीदवारों के मामले में कुल न्यूनतम अंक 50 % (अथवा समकक्ष सीजीपीए) होंगे।
2. सीएसआईआर-यूजीसी नेट/डीबीटी-जेआरएफ परीक्षा (केवल 'क' श्रेणी)/डीएसटी-इन्स्पायर छात्रवृत्ति/आईसीएमआर-जेआरएफ परीक्षा अथवा समकक्ष छात्रवृत्ति में से कोई भी वैध एवं मान्य छात्रवृत्ति रखने वाले उम्मीदवार आवेदन करने के पात्र हैं। वैध गेट स्कोर के साथ बी टैक/बीई/बी फार्मा के विद्यार्थी अथवा योग्यता प्राप्त जीपैट उम्मीदवारों द्वारा सीएसआईआर की जेआारएफ-गेट छात्रवृत्ति की पात्रता शर्तें अनिवार्य रूप से पूरी की जानी चाहिएं। (https://csirhrdg.res.in/Home/Index/1Default/2774/58)

सीएसआईआर-यूजीसी (नेट) परीक्षा में केवल लेक्चररशिप/एसिस्टेंट प्रोफैसरशिप वाले उम्मीदवार अथवा केवल आईसीएमआर परियोजनाओं में कार्य करने के लिए चयनित अथवा एम एससी/ एम टैक/एम फार्मा के साथ गेट/जीपैट रखने वाले उम्मीदवार पात्र नहीं हैं।

3. उम्मीदवार अपने वर्तमान रोज़गार/संस्थान अथवा विश्वविद्यालय में अपनी एन्रॉलमैंट की स्थिति /अपनी छात्रवृत्ति को सक्रिय करने संबधी सूचना आदि का उल्लेख अपने एसीएसआईआर आवेदन अनिवार्य रूप से करें। किसी भी सूचना को छिपाने से आपका प्रवेश किसी भी चरण पर रद्द किया जा सकता है।

**चयन**:

पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए निजी रूप से सीएसआईआर-इमटेक, चंडीगढ़ में अथवा ऑनलाइन माध्यम से बुलाया जाएगा। साक्षात्कार का उद्देश्य उम्मीदवार के ज्ञान, विवेचनात्मक विश्लेषण, तार्किक विवेक एवं वैज्ञानिक शोध के लिए अभिरूचि का मूल्यांकन करना है। चुने गए उम्मीदवारों के परिणाम की घोषणा एसीएसआईआर वेबससाइट पर की जाएगी। पीएच डी कार्यक्रम के लिए फीस एसीएसआईआर फीस संरचना के अनुसार होगी।

साक्षात्कार यदि सीएसआईआर-इमटेक में स्वयं उपसथित होकर लिए जाते हैं तो साक्षात्कार के लिए आने वाले उम्मीदावर चंडीगढ़ में तीन दिन तक ठहरने के लिए तैयारी करके आएं, साक्षात्कार प्रक्रिया को पूरा होने में लगभग इतना समय लगेगा। साक्षात्कार के लिए कोई टीए/डीए अथवा किसी अन्य व्यय का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें**:

आवेदन http://acsir.res.in पर ऑनलाइन भेजे जाएं। आवेदन करने की अंतिम तिथि **10 अप्रैल, 2023** है।

**महत्वपूर्ण सूचना**:

1. ऑनलाइन साक्षात्कार की स्थिति में दस्तावेज़ों के सत्यापन की प्रक्रिया को नहीं किया जा सकता। अत: समस्त शॉर्टलिस्टिंग, चयन आदि अनंतिम होगा और इसकी पुष्टि सभी संबंधित दस्तावेज़ों के सत्यापन के बाद की जाएगी। किसी भी प्रकार के दस्तावेज़ में किसी भी प्रकार की कमी/त्रुटि पाए जाने की स्थिति में ऐसी त्रुटि के जानकारी में आते ही उम्मीदवारी स्वत: ही समाप्त हो जाएगी। कृपया ध्यान दें कि साक्षात्कार में बैठने के लिए उम्मीदवार के पास अपनी छात्रवृत्ति का वैध प्रमाण एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज़ होने चाहिएं।

2. पात्रता परीक्षा के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे विद्यार्थी भी साक्षात्कार में बैठ सकते हैं परन्तु उन्हें प्रवेश तभी दिया जाएगा बशर्ते कि उन्होंने पात्रता मापदंड पूरे किए हों।

3. छात्रवृत्ति सीएसआईआर-इमटैक में प्रवेश के समय वैध एवं मान्य होनी चाहिए।

4. डीएसटी-इन्स्पायर छात्रवृत्ति रखने वाले एवं सीएसआईआर की जेआरएफ-गेट छात्रवृत्ति अथवा किसी अन्य छात्रवृत्ति के लिए पात्र उम्मीदवार यदि अपनी फंडिंग एजेंसी से छात्रवृत्ति न प्राप्त कर पाए तो उनका प्रवेश रद्द समझा जाएगा।

5. विज्ञापन में दी गई न्यूनतम योग्यता को पूरा मात्र करना उम्मीदवार को स्वत: चयन की पात्रता प्रदान नहीं करता।

6. किसी भी प्रकार से पक्ष प्रचार करने/किसी प्रकार का राजनीतिक अथवा अन्यथा कोई प्रभाव बनाने को अयोग्यता माना जाएगा।

**आवास:**

प्रवेश प्राप्त उम्मीदवारों को लड़कों व लड़कियों के पृथक् छात्रावास में उपलब्धता के अनुसार आवास प्रदान किया जाएगा।

प्रवेश से संबंधित कोई भी पूछताछ phd@imtech.res.in पर की जा सकती है।

उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग/चयन/प्रवेश के संबंध में निदेशक, सीएसआईआर-इमटैक का निर्णय अंतिम होगा।

प्रशासन नियंत्रक